उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या- 15/2016/299/71-1-2016-जी-131/2015
लखनऊ : दिनांक 04 फरवरी, 2016

<u>कार्यालय-ज्ञाप</u>

अधोहस्ताक्षरी को यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेजों में सीधी भर्ती के विरूद्ध प्रवक्ता, ई0एन0टी0 विशिष्टता में प्रवक्ता के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु लोक सेवा आयोग उ0प्र0, इलाहाबाद के पत्र संख्या-87/02/डी0आर0/सेवा-8/2013-14, दिनॉक 22-06-2015 तथा पत्र संख्या-87/02/डी0आर0/सेवा-8/2013-14, दिनॉक 17-08-2015 में की गयी संस्तुति के आधार पर श्री राज्यपाल महोदय संलग्न सूची में उल्लिखित विवरणानुसार 04 अभ्यर्थियों को वेतन बैण्ड रू0 15600-39100 ग्रेड पे रू0 6000/- में निम्नलिखित शर्तो एवं प्रतिबन्धों के अधीन अस्थायी रूप से नियुक्त/तैनात करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है-

(1) संबंधित अभ्यर्थी को प्रवक्ता के पद/वेतनमान के अनुरूप समय-समय पर प्रदत्त शासनादेशों के अन्तर्गत अनुमन्य मंहगाई भत्ता तथा अन्य भत्ते अनुमन्य होगें।

(2) संबधित अभ्यर्थी एक माह के अन्दर अपने पद पर कार्यभार ग्रहण कर ले अन्यथा यह नियुक्ति आदेश निरस्त कर दिया जायेगा और उनका अभ्यर्थन समाप्त हो जायेगा।

(3) नियुक्ति स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने हेतु संबंधित अभ्यर्थी को किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय न होगा।

(4) संबंधित अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश सरकारी डाक्टर (एलोपैथिक) प्राइवेट प्रैक्टिस निबन्धन नियमावली, 1983 के अनुसार प्राइवेट प्रैक्टिस करने की अनुमति नहीं होगी। मेडिकल अभ्यर्थियो को प्राइवेट प्रैक्टिस के बदले उन्हें नियमानुसार निर्धारित दर से प्रैक्टिस बन्दी भत्ता देय होगा।

(5) उक्त नियुक्ति उत्तर प्रदेश राज्य चिकित्सा महाविद्यालय अध्यापकों की सेवा नियमावली, 1990 (यथासंशोधित) के प्राविधानों के अधीन होगी तथा उक्त नियमावली के नियम-18 के अन्तर्गत परिवीक्षा अवधि दो वर्ष की होगी।

(6) संबंधित अभ्यर्थी को यथावश्यक जनहित में प्रदेश के किसी भी राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज में उसी पद पर स्थानान्तरित कर तैनात किया जा सकेगा।

(7) संबंधित अभ्यर्थी की तैनाती कम से कम तीन वर्षो के लिए नवस्थापित मेडिकल कालेजों हेतु की जा रही है।

2- कार्यभार ग्रहण करने के पूर्व अभ्यर्थी द्वारा निम्नलिखित प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये जाने आवश्यक होगें:-

(1) दो ऐसे राजपत्रित अधिकारी जो सेवा में हो और उनके निजी जीवन से पूर्ण रूप से परिचित हो, किन्तु उनके संबंधी न हो, द्वारा प्रदत्त अच्छे चरित्र का प्रमाणपत्र।

---

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

(2) अभियोजन न चलाये जाने तथा न्यायालय द्वारा दण्डित न किये जाने के संबंध में एक शपथपत्र।

(3) ओथ एलीजिएन्स का प्रमाण-पत्र।

(4) गोपनीयता का प्रमाण-पत्र।

(5) चल तथा अचल सम्पत्ति का प्रमाण-पत्र।

(6) एक से अधिक जीवित पति/पत्नी न होने का प्रमाण-पत्र।

3- अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण कराने से पूर्व संबंधित मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य द्वारा संबंधित अभ्यर्थी से इस आशय का शपथपत्र ले लिया जाएगा कि उनके चरित्र एवं प्राग्वृत्त सत्यापन के संबंध में कोई प्रतिकूल तथ्य पाए जाने पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी जाएगी।

संलग्नक-यथोक्त।

कुमुदलता श्रीवास्तव
विशेष सचिव।

संख्या:- 15/2016/299(1)/71-1-2016- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।

2- सचिव, लोक सेवा आयोग, उ0प्र0, इलाहाबाद।

3- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे कृपया नियुक्ति आदेश की प्रति वेबसाइट पर अपलोड कराया जाना सुनिश्चित करे।

4- प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, बॉदा तथा बदायूँ।

5- कोषाधिकारी,/वरिष्ठ कोषाधिकारी, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, बॉदा तथा बदायूँ।

6- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, आजमगढ़, अम्बेडकर नगर, बॉदा तथा बदायूँ।

7- संबंधित चिकित्सा शिक्षक।

8- निदेशक, मुद्रण एवं लेखन सामग्री, उ0प्र0 इलाहाबाद को गजट के आगामी अंक में प्रकाशनार्थ।

9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

( जयवीर सिंह )
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

कार्यालय ज्ञाप संख्या- / /71-1-2016- जी-131/2015,

दिनॉक फरवरी, 2016 का संलग्नक

| क्र0 | अभ्यर्थी का नाम तथा अनुक्रमांक | पत्र व्यवहार का पता | राजकीय एलोपैथिक मेडिकल कालेज का नाम, जहॉ तैनाती की गयी है। |
|---|---|---|---|
| 1 | डा0 अमित चढ्ढा (अनुक्रमांक-51420544337), | एल/18, फेज-1, अशोक विहार कालोनी, पाण्डेपुर, वाराणसी, उ0प्र0-221002 | मेडिकल कालेज, अम्बेडकर नगर |
| 2 | डा0 मोहम्मद शोएब खान (अनुक्रमांक-51420071178), | 21ई/3के/2ए, करामत की चौकी, आजाद नगर, करेली, इलाहाबाद, उ0प्र0 | मेडिकल कालेज, बदायूँ |
| 3 | डा0 भारतेन्दु भारती (अनुक्रमांक-51410751992), | 1771, शाहिबा कालोनी, शाहिबा कालोनी, टिगरा रोड, गोल पहाड़िया लश्कर, ग्वालियर, मध्य प्रदेश-474001 | मेडिकल कालेज, बॉदा |
| 4 | डा0 आदित्य कुमार पाठक (अनुक्रमांक-51420789019), | म0नं0-690-यू0 स्वामी दयानन्द नगर, लच्छीपुर, शास्त्री नगर, गोरखपुर, उ0प्र0-273015 | मेडिकल कालेज, आजमगढ़ |

( जयवीर सिंह )
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।